महोबा पुलिस

दिनांक- 11.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1012/26

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 10.11.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



महोबा पुलिस

दिनांक- 11.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1012/26

अपर पुलिस अधीक्षक एवं उपजिलाधिकारी ने विशिष्ट मंडी सूपा का किया स्थलीय निरीक्षण, फसल खरीद के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 11.11.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी श्रीमती सल्तनत परवीन के साथ विशिष्ट मंडी सूपा, चरखारी का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 11.11.2026 से विशिष्ट मंडी सूपा, चरखारी में फसलों की खरीद प्रारम्भ हो रही है। इसके दृष्टिगत मंडी परिसर में किसानों, व्यापारियों एवं मंडी समिति से जुड़े अन्य व्यक्तियों की सुरक्षा तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से स्थापित पुलिस चौकी मंडी सूपा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंडी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस प्रबन्ध एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए फसल खरीद के दौरान संभावित भीड़ एवं आवागमन की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मंडी परिसर में आने वाले किसानों एवं व्यापारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित करने तथा फसल खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न होने देने के संबंध में निर्देशित किया गया। साथ ही मंडी परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखने, नियमित पुलिस निगरानी करने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए।

इस दौरान मौके पर उपस्थित थानाध्यक्ष चरखारी श्री राहुल मिश्र को मंडी परिसर में पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, किसानों एवं व्यापारियों के आवागमन को सुचारु बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने तथा स्थानीय स्तर पर मंडी समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि फसल खरीद की संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे किसानों एवं व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा मंडी में फसल खरीद का कार्य शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण तथा मंडी समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।





महोबा पुलिस

दिनांक- 11.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1013/26

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 में सफल अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा एवं चरित्र सत्यापन प्रक्रिया के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर ने तैयारियों का किया निरीक्षण, संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

आज दिनांक 11.11.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 में सफल अभ्यर्थियों की दिनांक 12 नवंबर 2026 से प्रारम्भ होने वाली चिकित्सा परीक्षा एवं चरित्र सत्यापन प्रक्रिया के दृष्टिगत की गई तैयारियों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा चिकित्सा परीक्षा एवं चरित्र सत्यापन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान अभ्यर्थियों के आवागमन, बैठने की व्यवस्था, आवश्यक अभिलेखों के सत्यापन तथा चिकित्सा परीक्षण से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा की गई।

क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन नियमानुसार एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए तथा चिकित्सा परीक्षा एवं चरित्र सत्यापन की संपूर्ण प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जाए।

साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक समन्वय एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखी जाएं तथा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार समस्त कार्यवाही संपन्न कराई जाए।

